पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच में वादकारियों के लिए बड़ी सौगात

## मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने किया 'लिटिगेंट शेड' का उद्घाटन, आम लोगों को मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं

## गेट नंबर 8 के पास बना वादकारी कक्ष, बैठने की जगह, पंखा, पानी और शौचालय की सुविधा

लखनऊ : 20 अगस्त, 2026

संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में न्यायमूर्ति श्री अरुण भंसाली, मुख्य न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को विभूति खंड, गोमती नगर स्थित हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच परिसर के गेट नंबर 08 के पास 'लिटिगेंट शेड' (वादकारी कक्ष) का उद्घाटन किया।

यह कक्ष रोज आने वाले लोगों और वादकारियों को बैठने की जगह, पंखा, पीने का पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएँ देगा, ताकि उन्हें बाहर या भीड़–भाड़ वाले गलियारों में इंतज़ार न करना पड़े। इससे लोगों के अनुकूल बुनियादी ढाँचे को प्राथमिकता मिलेगी और न्यायालय की सुनवाई में शामिल होने वाले आम नागरिकों की मुश्किलें कम होंगी।

इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति राजन रॉय वरिष्ठ न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय लखनऊ और भवन समिति के अध्यक्ष, उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जनरल, वरिष्ठ निबंधक, रजिस्ट्री के अधिकारी और अवध बार एसोसिएशन के अन्य सम्मानित सदस्य शामिल हुए।

---

सम्पर्क सूत्र– अमरेश कुमार

राम यतन/07:42 PM